आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 19.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कहा— देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए मानक स्थापित कर रहा है।
- प्रधानमंत्री ने संविधान निर्माण में योगदान देने वाले संविधान सभा के सदस्यों को नमन किया।
- प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।
- उत्तरकाशी माघ मेले में आयोजित हथकरघा प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोग उत्पादों की खरीददारी कर रहे हैं।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए मानक स्थापित कर रहा है, जिसमें दूरदर्शी वैज्ञानिक और नवोन्मेषक भविष्य की चुनौतियों का समाधान प्रदान कर रहे हैं। आज आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम के 118वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की हालिया उपलब्धियों की सराहना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 75वें गणतंत्र दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि इस साल का जश्न विशेष है क्योंकि इस साल संविधान लागू होने के 75 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने संविधान निर्माण में योगदान देने वाले संविधान सभा के सदस्यों को नमन किया। प्रधानमंत्री ने 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन भारत के चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। चुनाव आयोग की भूमिका और योगदान की सराहना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने संविधान में चुनाव आयोग और लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी को बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया है। भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में लोकतंत्र मजबूत और समृद्ध हुआ है। उन्होंने देश में निष्पक्ष चुनाव कराने और मतदान प्रक्रिया में तकनीक का लाभ उठाने की प्रतिबद्धता के लिए चुनाव आयोग की सराहना की।

उद्यान निरीक्षण

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कोठियासैंण स्थित राजकीय उद्यान का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पॉलीहाउस और नर्सरी में तैयार किए जा रहे सब्जी बीज और पौध के बारे जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मुख्य उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि राजकीय उद्यान कोठियासैंण और राजकीय उद्यान जोशीमठ को हाईटेक नर्सरी के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले की जनसंख्या और प्रतिदिन 300 कुंतल सब्जी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करते हुए जिले में ही बड़े पैमाने पर सब्जी उत्पादन शुरू किया जाए। इसके अलावा उन्होंने एनआरएलएम समूह और किसानों को प्रशिक्षण देकर सब्जी उत्पादन से जोड़ने पर जोर दिया। मुख्य उद्यान अधिकारी ने बताया कि राजकीय उद्यान कोठियाल सैण में प्रो–ट्रे, वर्मीकुलाइट, परलाइट, कम्पोस्ट और सब्जी बीज खरीद के पहले चरण में तीन लाख सब्जी पौध तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान करीब 30 लाख लोग जिले में प्रवास करते है। इस दौरान सब्जी की मांग को पूरा करने के लिए मशरूम, मटर, बीन्स आदि सब्जी उत्पादन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए जोशीमठ, दशोली और गैरसैंण क्षेत्र में 25–25 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सब्जी उत्पादन का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

राश्ट्रीय खेल सुरक्षा व्यवस्था

प्रदेश में आगामी 28 जनवरी से हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान आयोजन स्थल से लेकर खिलाड़ियों के लिए सुरक्षा की चाक–चौबंद व्यवस्था रहेगी। इस दौरान 10 हजार पुलिसकर्मी ड्यूटी में तैनात रहेंगे। सीसीटीवी की निगरानी में कन्ट्रोल रूम से कड़ी निगरानी की जाएगी। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तैयारियों को लेकर वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को सजग और सतर्क रहकर अपना कर्तव्य निर्वहन के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को त्रुटिरहित और ऐतिहासिक बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।

मॉक ड्रिल

आपदा की दृष्टि से संवेदनशील उत्तराखंड राज्य में 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के मद्देनजर ऊधमसिंह नगर जिला आपदा प्रबंधन की ओर से भूकंप की मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान राहत और बचाव टीमों ने घायलों का रेस्क्यू कर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा। मुख्य विकास अधिकारी मनीश कुमार ने बताया कि आपदा को लेकर तैयारियों को परखने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

वहीं, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी ने बताया कि मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य विभागों के अधिकारियों ने आपसी समन्वय का परिचय दिया।

माघ मेला उत्तरकाशी

उत्तरकाशी में माघ मेले में आयोजित हथकरघा प्रदर्शनी में जहां बड़ी संख्या में लोग उत्पादों की खरीददारी कर रहे हैं। वहीं, राज्य के विभिन्न जिलों के बुनकरों को भी विपणन का अवसर मिल रहा है। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शैली डबराल ने बताया कि हथकरघा प्रदर्शनी में अल्मोड़ा, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, हरिद्वार और देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रों के बुनकरों व शिल्पियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। हथकरघा प्रदर्शनी में उत्तरकाशी जिले के डुंडा और बगोरी के शॉल, पंखी, मफलर, पागड़ा और ट्वीड के साथ ही हाथ से बने ऊनी वस्त्र उचित मूल्य पर बिक्री के लिए रखे गए हैं।